# तेरा मोरपंख लहराए बाँसुरिया तान सुनाये भजन लिरिक्स

तेरा मोरपंख लहराए,
बाँसुरिया तान सुनाये,
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन,
दिल घायल कर जाए,
तेरा मोरपंख लहराये,
बाँसुरिया तान सुनाये।bd।

---

पीला पीताम्बर तेरा,
लगता सुहाना है,
प्यारी मुस्कान पे,
ज़माना दीवाना है,
चितचोर तू दिल को चुराए,
तेरे बिन ना कुछ भी भाये,
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन,
दिल घायल कर जाए,
तेरा मोरपंख लहराये,
बाँसुरिया तान सुनाये।bd।

---

यमुना किनारे गोपी,
बाट निहारती,
सांवरे कन्हैया तुझको,
हर दम पुकारती,
तोहे नेक तरस ना आये,
चुप कुंजन में छुप जाए,
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन,
दिल घायल कर जाए,
तेरा मोरपंख लहराये,
बाँसुरिया तान सुनाये।bd।

---

जन्म जन्म से प्यारे,
तू है मेरा सांवरा,
तिरछी ये नज़रें तेरी,
कर गयी है 'बावरा',
तेरा रूप सलोना भाये,
मेरा दिल घायल कर जाए,
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन,
दिल घायल कर जाए,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरा मोरपंख लहराए,
बाँसुरिया तान सुनाये,
तेरी आँखों का कजरा मेरे मोहन,
दिल घायल कर जाए,
तेरा मोरपंख लहराये,
बाँसुरिया तान सुनाये।bd।

**Singer / Writer – Dheeraj Bawra Ji**